15 की मौत के बाद 48 घंटे का युद्धविराम

पाक सेना की चौकियां तबाह, तालिबान ने कहा- हथियार और टैंक जब्त किए

इस्लामाबाद/काबुल, 15 अक्टूबर. पाकिस्तान और तालिबान के बीच बीते 20 घंटों में सीमा पर ऐसा संघर्ष हुआ, जिसने दोनों देशों को युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया.

गुरुवार सुबह कंधार के स्पिन बोल्डक जिले में पाकिस्तानी वायुसेना ने कथित तौर पर अचानक एयरस्ट्राइक की, जिसमें 15 अफगान नागरिकों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए. अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया कि यह हमला बिना किसी उकसावे के किया गया और इसका मकसद सीमाई इलाकों में अस्थिरता फैलाना था. उन्होंने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान की इस क्रूर कार्रवाई में मासूम नागरिकों की जान गई. इस हमले के बाद तालिबान ने पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अफगान सेनाओं ने पाकिस्तानी सीमाई चौकियों और सैन्य ठिकानों पर हमला किया. तालिबान का दावा है कि उन्होंने पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया, हथियार और टैंक जब्त किए, और कुछ प्रमुख चौकियों पर कब्जा भी कर लिया. पाकिस्तान व अफगानिस्तान ने स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे से शुरू होकर अगले 48 घंटों तक के लिए अस्थायी युद्धविराम पर सहमति जताई है.

हथियार डालो, वरना अमेरिका करेगा कार्रवाई : ट्रंप

गाजा. गाजा पट्टी में एक बार फिर हिंसा और आतंक का साया मंडराने लगा है. हमास ने सार्वजनिक रूप से 8 लोगों को गोली मार दी, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई. वीडियो वायरल होने के बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को चेतावनी दी है कि या तो वे हथियार डाल दें या अमेरिका सख्त कदम उठाएगा. यह घटना गाजा में अस्थायी युद्धविराम के बीच आई है, जिससे शांति की उम्मीदों को गहरा झटका लगा है.

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी कुर्रम जिले में सीमा पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगान आतंकवादियों और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाक के बीच गोलीबारी होने की रिपोर्टें हैं. चीन की संवाद समिति शिन्हुआ ने बुधवार को पाकिस्तानी सुरक्षा सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार देर रात अफगानिस्तान के आतंकवादियों और टीटीपी द्वारा पाकिस्तानी चौकियों पर गोलीबारी के बाद यह सशस्त्र झड़प हुयी, जिसका पाकिस्तानी सेना ने कड़ा जवाब दिया.

आईपीएस पूरन का 9वें दिन अंतिम संस्कार

दोनों बेटियों ने दी मुखाग्नि, अंतिम संस्कार में 2 मंत्री पहुंचे

डीजीपी को छुट्टी भेजने पर माना परिवार

चंडीगढ़, 15 अक्टूबर. हरियाणा के सीनियर आईपीएस ने 7 अक्टूबर को चंडीगढ़ स्थित सरकारी बंगले पर खुद को गोली मार ली थी. इससे पहले आईपीएस ने सुसाइड नोट में कई अफसरों पर उन्हें परेशान करने के आरोप भी लगाए थे.

घटना के वक्त आईपीएस की पत्नी आईएएस अमनीत पी. कुमार घर से बाहर थी. परिवार वाले आरोपियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे. इस कारण 8 दिनों तक अंतिम संस्कार भी नहीं किया, लेकिन नौवें दिन डीजीपी को छुट्टी दे दी गई. इसके बाद आईपीएस के परिवार के लोग अंतिम संस्कार के लिए मान गए.

आईपीएस वाई पूरन कुमार का बुधवार को अंतिम संस्कार किया गया. दोपहर 3 बजे कोठी से पूरन कुमार की अंतिम यात्रा निकली, जो करीब 4 बजे सेक्टर-25 स्थित श्मशान घाट पहुंची, यहां उन्हें पुलिस की टुकड़ी ने सलामी दी और बड़ी संख्या में पहुंचे पुलिस-प्रशासन और सरकार के प्रतिनिधियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी. इसके बाद आईपीएस की दोनों बेटियों ने उन्हें मुखाग्नि दी.

मौके पर आईपीएस की पत्नी आईएएस अमनीत पी. कुमार के साथ कैबिनेट मिनिस्टर कृष्ण लाल पंवार व श्याम सिंह राणा, एसीएस गृह सुमिता मिश्रा, सीएस अनुराग रस्तोगी, नवनियुक्त डीजीपी ओपी सिंह आदि मौजूद रहे. इससे पहले सुबह चंडीगढ़ पीजीआई में शव का पोस्टमॉर्टम हुआ. मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया की.

गडकरी ने योजनाओं का शिलान्यास किया

पुदुचेरी में 2,000 करोड़ से सुविधाओं का होगा विस्तार

नई दिल्ली/पुदुचेरी, 15 अक्टूबर. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को पुदुचेरी में 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जिससे राज्य के विभिन्न स्थान बेहतर संपर्क सुविधाओं से जुड़ जायेंगे.

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गडकरी ने इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-32 पर इंदिरा गांधी स्क्वायर और राजीव गांधी स्क्वायर के बीच चार किमी लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण की आधारशिला रखने के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 332-ए पर 14 किमी ईसीआर रोड में सुधार व राजमार्ग-32 के 38 किमी चार-लेन पुडुचेरी-पूंडियनकुप्पम खंड का उद्घाटन भी किया. केंद्रीय मंत्री ने समारोह के दौरान परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इस कार्यक्रम में राज्य के राज्यपाल के. कैलाशनाथन, सीएम रंगास्वामी, केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन तथा राज्य के कई वरिष्ठ मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया.

केंद्रीय मंत्री ने जिन सड़कों का उद्घाटन किया है उनसे मनकुला विनयगर मंदिर, नटराजर मंदिर, नवग्रह मंदिर और श्री अरबिंदो आश्रम जाने वाले यात्रियों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान हो सकेगी. विलुप्पुरम से कुड्डालोर, चिदंबरम और नागापट्टिनम की ओर यात्रा करने वाले मोटर चालक अब व्यस्त पुडुचेरी शहर को बायपास कर सकेंगे, जिससे यात्रा का समय करीब 50 मिनट कम हो जाएगा. उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से केंद्र शासित प्रदेश में पर्यटन और व्यापार को पर्याप्त बढ़ावा मिलेगा. ऑरोविले और पिचावरम जैसे प्रमुख स्थलों के लिए निर्बाध यात्रा सुनिश्चित हो सकेगी.

अमेरिका में भारतीय मूल के सलाहकार को किया गिरफ्तार

वॉशिंगटन डीसी. अमेरिका में भारतीय मूल के एक विशेषज्ञ को रक्षा संबंधी जानकारी रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है. भारतीय मूल के वरिष्ठ अमेरिकी सलाहकार और भारत एवं दक्षिण एशियाई मामलों के जाने-माने विशेषज्ञ एश्ले जे टेलिस को अमेरिका में गैरकानूनी रूप से गोपनीय राष्ट्रीय रक्षा जानकारी रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है. 64 वर्षीय टेलिस वियना वर्जीनिया के निवासी हैं और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में उनका लंबा अनुभव रहा है. अमेरिकी अटॉर्नी लिंडसे हॉलिगन ने इस मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा का गंभीर उल्लंघन बताया.

जदयू की पहली लिस्ट में 57 नामों का ऐलान

पटना, 15 अक्टूबर. जदयू ने बुधवार को 57 प्रत्याशियों की अपनी पहली सूची जारी कर दी. इसमें तीन विधायकों को बेटिकट कर दिया गया है.

वहीं 57 में 27 सीटों पर जदयू ने अपने प्रत्याशी बदले हैं. चार महिलाओं को टिकट दिया गया है. वहीं पार्टी के पुराने दिग्गज श्याम रजक, हरिनारायण सिंह, नरेंद्र नारायण यादव, श्रवण कुमार व महेश्वर हजारी पर पार्टी ने फिर भरोसा जताते हुए फिर से उन्हें अपना प्रत्याशी बनाया है. पटना जिले की बाढ़ विधानसभा से बीजेपी ने सिटिंग विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू का टिकट काट दिया है. वो कभी नीतीश कुमार के करीबी माने जाते थे.

चिराग ने जारी की 14 उम्मीदवारों की लिस्ट

बीजेपी और जेडीयू के बाद एनडीए का हिस्सा चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी (आर) ने भी उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी. बुधवार को चिराग की पार्टी ने पहली लिस्ट जारी करते हुए 14 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है. गोविंदगंज से राजू तिवारी और सिमरी बख्तियारपुर से संजय कुमार सिंह को टिकट दिया गया है. दरौली से विष्णु देव पासवान, गरखा से सीमांत मृणाल, साहेबपुर कमाल से सुरेंद्र कुमार, बखरी से संजय कुमार, परबत्ता से बाबूलाल शौर्य, नाथनगर से मिथुन कुमार, पालीगंज से सुनील कुमार, ब्रह्मपुर से हुलास पांडे, डेहरी से राजीव रंजन सिंह, बलरामपुर से संगीता देवी, मखदुमपुर से रानी कुमारी व ओबरा से प्रकाश चंद्र को टिकट दिया है.

तीन विधायकों का टिकट कटा

पहली सूची के 57 प्रत्याशियों में तीन विधायकों के टिकट कट गए हैं. इनमें दरभंगा के कुशेश्वर स्थान (सुरक्षित) सीट के विधायक अमन हजारी को जदयू ने बेटिकट कर दिया है. बरबीघा से जदयू विधायक सुदर्शन का भी टिकट कट गया है. सकरा के विधायक अशोक कुमार चौधरी भी बेटिकट हो गए हैं.

ट्रेन में चाकू की नोक पर महिला के साथ रेप

नई दिल्ली 15 अक्टूबर. आंध्र प्रदेश में चलती ट्रेन में एक महिला के साथ दुष्कर्म किया गया. गुंटूर और पेद्दाकुरापाडु रेलवे स्टेशनों के बीच चलने वाली एक पैसेंजर ट्रेन में घटना को अंजाम दिया गया. जानकारी के अनुसार, महिला ट्रेन की एक कोच में अकेले यात्रा कर रही थी. जब ट्रेन गुंटूर रेलवे स्टेशन पर रुकी, तो लगभग 40 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति कोच के पास आया और दरवाजा खोलने का प्रयास किया. महिला ने उस व्यक्ति से कहा कि यह महिला कोच है और उसने दरवाजा बंद करने का प्रयास किया. बावजूद इसके वह व्यक्ति कोच में घुस गया और उसे अंदर से बंद कर दिया.

एक नजर में

इनामी लीडर राजू समेत सौ नक्सलियों ने किया सरेंडर

कांकेर 15 अक्टूबर. नक्सल प्रभावित जिलों से लगातार आत्मसमर्पण की खबरे सामने आ रही हैं. इसी कड़ी में बुधवार को कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के कामतेड़ा बीएसएफ कैंप में नक्सल संगठन की सबसे सक्रिय कंपनी नंबर 5 के 100 से अधिक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया. इनमें उत्तर बस्तर के कुख्यात नक्सली लीडर राजू सलाम और राजमन शामिल हैं, जिन पर 25-25 लाख रुपए का इनाम घोषित था. इस सामूहिक आत्मसमर्पण में महिला नक्सली लीडर गीता उर्फ कमली सलाम (5 लाख इनामी) ने भी हथियार डाल दिए. अधिकारियों के अनुसार, यह छत्तीसगढ़ के नक्सल इतिहास के सबसे बड़े सरेंडर अभियानों में से एक है. सुरक्षा बलों के लिए लंबे समय से चुनौती बनी कंपनी नंबर 5 का आत्मसमर्पण नक्सल मोर्चे पर निर्णायक साबित हो सकता है. तीन बसों में भरकर 100 से अधिक नक्सली कामतेड़ा बीएसएफ कैंप पहुंचे और हथियारों के साथ पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया. सूत्रों के अनुसार, सरेंडर करने वालों में 5 लाख से अधिक इनामी 30 नक्सली और दर्जनों सक्रिय सदस्य शामिल हैं. सभी को पहले से तय गुप्त आत्मसमर्पण मार्ग से गेंडाबेड़ा गांव तक पैदल लाया गया और फिर बीएसएफ की बसों में कैंप तक पहुंचाया गया.

टॉप 10 ताकतवर पासपोर्ट की लिस्ट से अमेरिका बाहर

नई दिल्ली 15 अक्टूबर. अमेरिकी पासपोर्ट, जो कभी दुनिया का सबसे ताकतवर पासपोर्ट माना जाता था. पहली बार हेनली पासपोर्ट इंडेक्स की टॉप 10 लिस्ट से बाहर हो गया है. 20 साल पहले शुरू हुई इस रैंकिंग में अमेरिका अब 12वें स्थान पर खिसक गया है और मलेशिया के साथ इस स्थान को साझा कर रहा है. इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के डाटा पर आधारित हेनली पासपोर्ट इंडेक्स के मुताबिक अमेरिकी पासपोर्ट धारकों को अब 227 में से सिर्फ 180 देशों में बिना वीजा यात्रा की सुविधा है. सिंगापुर 193 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा के साथ पहले स्थान पर है, जबकि दक्षिण कोरिया (190) और जापान (189) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं. चीन ने पिछले एक दशक में अपनी पासपोर्ट ताकत में जबरदस्त इजाफा किया है. 2015 में 94वें स्थान पर रहा चीन अब 64वें स्थान पर पहुंच गया है, जिसमें 37 और देशों में वीजा-मुक्त यात्रा की सुविधा शामिल हुई है और कुल संख्या 82 पर पहुंच गई है.

54वीं अंतरक्षेत्रीय खान बचाव स्पर्धा हुई

मॉयल इंडिया लिमिटेड के मनसर खदान में आयोजन

नागपुर, 15 अक्टूबर. मॉयल इंडिया लिमिटेड के मनसर खदान में संपन्न 54वीं अंतरक्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता संपन्न हुई.

प्रतियोगिता तक मॉयल इंडिया लिमिटेड एवं वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी. इसमें वेकोलि, मॉयल इंडिया लिमिटेड, एचसीएल, आरसीसीएल और एवं सनफ्लैग की कुल 14 टीमों ने भाग लिया. 12 पुरुष टीमें व 2 महिला टीमें शामिल थी. पुरुष श्रेणी में ओवरऑल प्रथम स्थान वेकोलि, नागपुर क्षेत्र को तथा ओवरऑल द्वितीय स्थान वेकोलि, चंद्रपुर क्षेत्र को मिला. वहीं ओवरऑल तृतीय स्थान मॉयल इंडिया लिमिटेड की टीम ने हासिल किया. महिला श्रेणी में ओवरऑल प्रथम स्थान वेकोलि महिला टीम व ओवरऑल द्वितीय स्थान मॉयल इंडिया लिमिटेड की महिला टीम ने हासिल किया. पारितोषिक वितरण समारोह में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक जे. पी. द्विवेदी, निदेशक हेमंत पांडे, उप महानिदेशक खान सुरक्षा, वेस्ट जोन, रामावतार मीना, उप महानिदेशक खान सुरक्षा, नार्थ जोन नीरज कुमार व मॉयल इंडिया लिमिटेड के निदेशकगण उपस्थित रहे. अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए.

आज का इतिहास

1665	मुग़लों और छत्रपति शिवाजी महाराज के बीच राजा जयसिंह संधि पर हस्ताक्षर हुए।
1781	स्पेन के निवासियों द्वारा लॉस एंजिल्स की स्थापना की गयी।
1825	भारत के प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ दादा भाई नौरोजी का जन्म।
1888	गांधीजी ने इंग्लैंड के लिए समुद्री यात्रा शुरू की।
1944	द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सैनिकों ने बेल्जियम के एंटवर्प शहर में प्रवेश किया।
1946	भारत में अंतरिम सरकार का गठन किया।

2027 में अंतरिक्ष में जाएगा भारत

नईदिल्ली, 15 अक्टूबर. भारत अब अंतरिक्ष से एक कदम आगे चांद की सतह पर मानव भेजने की तैयारी में जुट चुका है.

इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने रांची में बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि भारत 2040 तक अपने नागरिकों को चंद्रमा पर भेजेगा और सुरक्षित वापस भी लाएगा. यह केवल सपना नहीं बल्कि एक सुनियोजित मिशन है, जिसकी शुरुआत 2027 में 'गगनयान' मिशन के साथ होगी. भारत न सिर्फ चांद पर मानव भेजेगा, बल्कि 2035 तक अपना खुद का स्पेस स्टेशन भी स्थापित करेगा. इसरो की इस दिशा में तेजी से तैयारियां चल रही हैं, और इसमें प्राइवेट स्टार्टअप्स की भी अहम भूमिका होगी. लॉन्चिंग से लेकर डेटा एनालिसिस तक में 300 से ज्यादा भारतीय स्टार्टअप सहयोग कर रहे हैं. नारायणन ने बताया कि अब भारत की लॉन्च क्षमता 80 हजार किलो तक बढ़ाई जा रही है और श्रीहरिकोटा में नया लॉन्च पैड भी तैयार हो रहा है. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन. अब अंतरिक्ष अन्वेषण में नई ऊंचाइयों को छूने जा रहा है. वी. नारायणन ने बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा के 35वें दीक्षांत समारोह में भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं की पूरी टाइमलाइन साझा की.

वेनेजुएला तट के पास जहाज पर अमेरिकी हमले में छह लोगों की मौत

वाशिंगटन, 15 अक्टूबर. अमेरिकी सेना ने मंगलवार को वेनेजुएला तट के पास अंतरराष्ट्रीय समुद्री इलाके से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे एक जहाज पर हमला किया, जिससे उसमें सवार छह लोगों की मौत हो गई.

अमेरिकी राष्ट्रीय डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर यह जानकारी दी है. ट्रम्प के अनुसार, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने कहा है कि जहाज मादक पदार्थ के आतंकवादी नेटवर्क से जुड़ा था. इस नए अभियान के साथ, सितंबर से अब तक वेनेजुएला के निकट मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले संदिग्ध जहाजों पर अमेरिकी सैन्य हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 27 हो गयी है. इस महीने की शुरुआत में, ट्रम्प प्रशासन ने देश की संसद या कांग्रेस को बताया था कि अमेरिका उन नशे का सामान बेचने वालों के साथ एक गैर-अंतर्राष्ट्रीय सशस्त्र संघर्ष में है जिन्हें उसने आतंकवादी संगठन घोषित किया है.

प्रशासन ने नशे के कारोबारियों के नाम उजागर नहीं किए. उधर वेनेजुएला के राष्ट्रीय निकोलस मादुरो ने बार-बार अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह देश में सत्ता परिवर्तन और लैटिन अमेरिका में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाने के बहाने कार्टेल की धमकियों का इस्तेमाल कर रहा है.

मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर नड्डा से मिले सीएम साहा

अगरतला, 15 अक्टूबर. त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती देने की दिशा में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की. इस दौरान उन्होंने धलाई जिले के कुलाई क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत एक नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए केंद्र से सहयोग मांगा. त्रिपुरा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बेहद गंभीर है और राज्य को पूर्वोत्तर भारत के एक मेडिकल और शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहती है. उन्होंने स्वास्थ्य परियोजनाओं को लेकर चर्चा की.

बीआईएस का तकनीकी सत्र आयोजित

विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

नागपुर, 15 अक्टूबर. भारतीय मानक ब्यूरो नागपुर इकाई ने हाल ही में एक तकनीकी सत्र का आयोजन किया.

कार्यक्रम में पर्यावरण, गुणवत्ता प्रबंधन, शिक्षा और औद्योगिक अनुसंधान से जुड़े विशेषज्ञों ने मानकों के महत्व पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में मानकीकरण, अनुसंधान और सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई. सत्र की शुरुआत में गिरीश पोफकी ने पर्यावरणीय शाश्वतता और स्वच्छ तकनीक में मानकों की भूमिका पर प्रकाश डाला. राजीव अग्रवाल (अतिथि प्राध्यापक, नागपुर) ने गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों के महत्व को रेखांकित किया, जबकि प्रो. यशवंत कटपटल ने शिक्षा व शोध में मानकीकरण को आवश्यक बताया. भूषण आवटे (महान्यवस्थापक, विल्ड्राफिक पेपर प्रोडक्ट्स लि., चंद्रपुर) ने औद्योगिक अनुपालन से जुड़े अनुभव साझा किए. कार्यक्रम में बीआईएस नागपुर ने विभिन्न क्षेत्रों के लाइसेंसधारकों, मार्गदर्शकों, प्रयोगशालाओं, शोधकर्ताओं, एजीओ और शासकीय संस्थाओं का सत्कार किया. सड़क सुरक्षा पर भी विशेष सत्र हुआ, जिसमें तपनकुमार हलदर ने हेलमेट और सुरक्षा मानकों की आवश्यकता पर

वाराणसी के कैंट स्टेशन पर बांग्लादेशी नागरिक हिरासत में

वाराणसी, 15 अक्टूबर. उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में कैंट रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीम ने मंगलवार को एक बांग्लादेशी युवक को हिरासत में लिया. युवक की पहचान बांग्लादेश के मोनीहाट जिले के बेनापोल निवासी मोहम्मद लाशिद (20) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, मोहम्मद लाशिद सियालदाह एक्सप्रेस ट्रेन से वाराणसी आया था और नई दिल्ली जाने के लिए स्टेशन पर इधर-उधर घूम रहा था. पूछताछ के दौरान उसके पास न तो रेल टिकट मिला.

जयंती राष्ट्रपति मुर्मु, पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह ने डॉ. कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने युवा मन को प्रज्वलित किया

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है.



राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में डॉ. अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. कलाम को एक दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में याद किया जाता है जिन्होंने युवा मन को प्रज्वलित किया और राष्ट्र को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया. गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि देते हुए कहा ,डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी को उनकी जयंती पर नमन. एक वैज्ञानिक प्रतिभा, कलाम जी ने अपनी अटूट देशभक्ति और भारत प्रथम के सिद्धांत के साथ विज्ञान, रक्षा और तकनीकी नवाचारों में हमारे देश की प्रगति को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुँचाया. परमाणु वैज्ञानिक के रूप में मिसाइल मैन के नाम से विख्यात हुए कलाम 2002 से 2007 तक देश के राष्ट्रपति रहे.

डॉ. कलाम देश का गौरव : केजरीवाल

भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है. आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी उन्हें याद करते हुए ट्वीट कर 'मिसाइल मैन' को नमन किया और कहा कि उनके विचार और कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं. भारत के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ. अब्दुल कलाम की 94वीं जयंती पर आज देशभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इस मौके पर केजरीवाल ने डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें भारत का गौरव बताया. उन्होंने ट्वीट किया, डॉ. कलाम को याद करते हुए केजरीवाल ने कहा कि उनके जैसे वैज्ञानिक और राष्ट्र निर्माता सदी में एक बार जन्म लेते हैं. उन्होंने विज्ञान, शिक्षा और युवाओं के सशक्तिकरण के जरिए भारत को नई दिशा देने का काम किया.

मेडागास्कर में अदालत ने कर्नल माइकल को अस्थायी सत्ता सौंपी

एंटानानारिवो, 15 अक्टूबर. मेडागास्कर में दो सप्ताह से चल रहे जेन जी आंदोलन को देखते हुए उच्च संवैधानिक न्यायालय (एचसीसी) ने अस्थायी तौर पर देश की सत्ता कर्नल माइकल रैंड्रियानिरिना को सौंप दी है.

उल्लेखनीय है कि मेडागास्कर में लगभग दो सप्ताह से चल रहे जेन-जी आंदोलन के बाद राष्ट्रपति एंड्री निरीना राजोइलिना राष्ट्रपति आवास छोड़कर किसी अनाम जगह पर चले गए थे. इससे देश में एक राजनीतिक निर्वात की स्थिति उत्पन्न हो गई थी. इसके बाद मंगलवार को मेडागास्कर की सेना कैपसेट ने सत्ता के इस निर्वात को भरने का दावा करते हुए कर्नल रैंडियानिरिना के नेतृत्व में सत्ता पर कब्जा कर लिया था. रैंड्रियानिरिना ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के बाहर संवाददाताओं से बात करते हुए कहा था कि फिलहाल सेना सरकार बनाएगी और दो साल के भीतर देश में फिर से चुनाव करवाया जाएगा. इस बीच राष्ट्रीय सभा के उपाध्यक्ष और एक प्रमुख विपक्षी नेता सितेनी थिएरी रैंड्रियानासोलोनियाको 12 अक्टूबर को एचसीसी में एक याचिका दायर की थी. उन्होंने एचसीसी से संविधान के बार-बार उल्लंघन, मौलिक स्वतंत्रताओं के अभाव और राज्य की व्यापक शिथिलता को देखते हुए अदालत